प्यार

प्यार वो जज्बा है, जो आदमी को इन्सान बना देता है।
प्यार वो जज्बा है, जो किसी को भगवान बना देता है।।
प्यार ताकत है, जो जीत सकता है सारी दुनिया को,
प्यार रास्ता है, जो जाता है सीधा आपकी मंजिल को।
प्यार जादू है, जो जगाता है आपके सोए सपनों को,
प्यार वो है, जो भगा देता है आपकी हर निराशा को।।
प्यार सीखाता है अजनबी को दोस्त बनाना, किसी के दिल में जगह पाना,
प्यार सीखाता है अपने गमों को भूल कर, किसी के गमों को अपना बनाना।
प्यार सीखाता है किसी को बिना अहसास करवाए, उसकी खुशियां दे देना,
प्यार सीखाता है खुद मुस्कराना, किसी और के लबों पर मुस्कराहट लाना।।
प्यार सीखाता है झुकना वक्त पड़ने पर,
क्योंकि तेज आंधिया न झुकने वाली शाखों को अक्सर उड़ा ले जाती है।
प्यार सीखाता है आसमां सा ऊंचा उठना,
क्योंकि प्यार करने वालों में समर्पण की भावना खुद से ही आ जाती है।।
ये प्यार ही तो था सोनी ओर महिवाल का,
जो मर गए मिट गए एक दूजे को पाने के लिए।
ये सिर्फ प्यार ही तो है पतंगे का रोशनी से,
जो जल जाता है उसमें, उसको पाने के लिए।।
प्यार एक अहसास है, जिसे हर किसी को महसूस करना चाहिए,
प्यार एक लम्हा है, जिसे हर किसी को जीना चाहिए।
प्यार भर देता है आपके जीवन में कितने ही सारे खुशियों के रंग,
मैं कहूँगा, हर किसी को एक बार प्यार करना चाहिए।।